टोंस नदी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश के **बलिया ज़िले** के एक गाँव में दो लोग **टोंस नदी** में डूब गए।

मुख्य बिंदु:

- टोंस [यमुना](#) **की सबसे बड़ी सहायक नदी** है। यह उत्तराखंड में **गढ़वाल क्षेत्र** से होकर हिमाचल प्रदेश को छूती हुई बहती है।
- यह सबसे **प्रमुख बारहमासी भारतीय हिमालयी नदियों** में से एक है।
- इसका उद्गम उत्तराखंड के **बंदरपूंछ पर्वत** से 6,315 मीटर की ऊँचाई पर होता है।
- इसमें यमुना से भी अधिक जल होता है जो यह उत्तराखंड के **देहरादून के पास कालसी** के नीचे मिलती है।
- **पब्बर और आसन** नदियाँ टोंस नदी की मुख्य सहायक नदियाँ हैं।
    - **आसन दो छोटी नदी प्रणालियों का संगम है,** एक में **हिमालय शृंखला से दक्षिण की ओर विकास नगर से टिहरी की ओर** (केंद्र में मसूरी के साथ) बहने वाली धाराएँ शामिल हैं और दूसरी में**निचली शिवालिक पहाड़ियों (जो देहरादून और सहारनपुर ज़िलों को अलग करती हैं) से उत्तर-पश्चिम की ओर बहने वाली धाराएँ शामिल हैं।**

यमुना नदी

- यमुना नदी उत्तर भारत में गंगा की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है।
- यह विश्व के व्यापक जलोढ़ मैदानों में से एक **यमुना-गंगा मैदान** का एक अभिन्न भाग है।
- इसका स्रोत निचली **हिमालय पर्वतमाला** में **बंदरपूँछ शिखर** के दक्षिण-पश्चिमी किनारों पर **6,387 मीटर की ऊँचाई पर यमुनोत्री ग्लेशियर** में स्थित है।
- यह **उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली** से प्रवाहित होते हुए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में**संगम (जहाँ कुंभ मेला आयोजित होता है) स्थल पर गंगा** में मिल जाती है।
- महत्त्वपूर्ण बाँध हैं: लखवार-व्यासी बाँध (उत्तराखंड), ताज़ेवाला बैराज बाँध (हरियाणा) आदि।
- महत्त्वपूर्ण सहायक नदियाँ: चंबल, सिंधु, बेतवा और केन।
- **यमुना नदी से संबंधित सरकारी पहल**:
    - यमुना एक्शन प्लान
    - फरवरी 2025 तक यमुना को साफ करने के लिये दिल्ली सरकार की छह सूत्री कार्य योजना

//



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/two-people-drowned-in-the-tons-river